महाकाल आरती

जय महाकाल राजा
जय महाकाल राजा, भोले जय गौरी नाथा,
तीर्थ अवन्ती विराजे, भक्तों की रखे लाजा...

ज्योतिर्लिंग स्वरूपा कालों के महाकाल,
दक्षिणमुख में विराजे, मृत्युंजय महाकाल,
ॐ जय महाकाल राजा.....

तारक लिंग आकाश में पाताल हाटकेश्वरम,
भूलोक में विराजे, बाबा महाकालेशवरम,
ॐ जय महाकाल राजा.....

भस्म आरती बाबा,जग में है न्यारी,
त्रिगुणाकार छवि बाबा, भक्तों को लगे प्यारी,
ॐ जय महाकाल राजा.....

मंत्र तेरा पंचाक्षरी, ॐ नमः शिवाय,
जपते-जपते प्राणी के जन्म-मरण मिट जाये,
ॐ जय महाकाल राजा.....

शीश में चन्द्र विराजे और जटा में है गंगा,
करते नंदी सवारी, गले में भुजंगा,
ॐ जय महाकाल राजा.....

आरती बाबा महाकाल की, जो कोई गावे,
कहत सत्य श्री मुख से, सुख-संपति पावे,
ॐ जय महाकाल राजा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30782/title/mahakal-aarti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |